19वें एशियाई गेम्स के लिये बागेश्वर के रोहित दानू भारतीय फुटबॉल टीम में शामिल

चर्चा में क्यों?

1 अगस्त, 2023 को 19वें एशियाई गेम्स के लिये भारतीय फुटबॉल टीम की घोषणा हुई, जिसमें उत्तराखंड के बागेश्वर ज़िले के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉलर रोहित दानू भी शामिल हैं।

प्रमुख बिंदु

- शानदार फारवर्ड्डर रोहित का चयन 23 सितंबर से 8 अक्तूबर तक चीन के हांग्जो में होने वाले एशियाई गेम्स के लिये भारतीय टीम में हुआ है। रोहित दानू सुनील छेत्री की कप्तानी वाली देश की फुटबॉल टीम से खेलते नज़र आएंगे।
- बागेश्वर के बघर गाँव निवासी रोहित दानू ने काफी छोटी उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया था। उन्होंने फुटबॉल की बारीकियाँ बागेश्वर के कोच नीरज पांडेय से सीखीं।
- वह प्रदेश की अंडर-14 टीम का हिस्सा रहे। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के बूते वर्ष 2017 में 15 वर्ष की उम्र में भारतीय अंडर-17 टीम का हिस्सा बन गए। रोहित ने वर्ष 2017 में फीफा विश्व कप अंडर 17 में देश का प्रतिनिधित्व किया। रोहित भारतीय अंडर-19, अंडर-23 का हिस्सा भी रहे।
- रोहित दानू का हाल ही में बंगलूरू एफसी के साथ तीन साल का करार हुआ है। वह 2020 में इंडियन सुपर लीग क्लब हैदराबाद के साथ तीन साल के लिये जुड़े थे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bageshwar-s-rohit-danu-joins-indian-football-team-for-19th-asian-games